तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 12 अप्रैल 2026

10 कोलियारी और बेमेतरा में भाजपा का गांव चलो, ...




11 नवापारा में पोषण पखवाड़ा पर विविध कार्यक्रम





# मां-बेटी के हत्यारे को दोहरी आजीवन कारावास, जिला सत्र न्यायालय का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/ सेल

बलौदाबाजार के जिला एवं सत्र न्यायालय ने रिश्तों को शर्मसार करने वाले एक जघन्य हत्याकांड में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। कसडोल थाना क्षेत्र के भदरा गांव में हुए चर्चित मां-बेटी हत्याकांड के दोषी दिलहरण कश्यप को कोर्ट ने दोहरी आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायिक इतिहास में मील का पत्थर माने जा रहे इस फैसले में अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे अपराध समाज के लिए गंभीर खतरा हैं और इनके लिए कठोर दंड अनिवार्य है।

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और खून से सने कपड़े बरामद किए थे। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने कुल 25 गवाह पेश किए, जिनमें से 11 गवाहों ने आरोपी और मृतका के संबंधों की पुष्टि की। अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार वर्मा की अदालत ने सभी तथ्यों और साक्ष्यों का गहन अध्ययन करने के बाद आरोपी दिलहरण कश्यप को भारतीय न्याय संहिता की धारा 332 (क) और धारा 103 (दो बार) के तहत दोषी करार दिया।

अदालत ने आरोपी को दोनों हत्याओं के लिए अलग-अलग आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कानूनी जानकारों के मुताबिक दोहरी उम्रकैद का अर्थ है कि आरोपी की रिहाई की राह अब लगभग बंद हो चुकी है। शासन की ओर से अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता संतोष कुमार कन्नौजे ने इस मामले में प्रभावी पैरवी की।

## चार साल पहले मां-बेटी की घर में मिली थी अधजली लाश

### समाज के लिए संदेश

अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता संतोष कन्नौजे ने कहा कि हालांकि इस मामले में कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं था, लेकिन परिस्थितिजन्य साक्ष्य, वैज्ञानिक प्रमाण और गवाहों के बयानों की कड़ी ने अपराध को साबित कर दिया। यह फैसला समाज में उन लोगों के लिए एक बड़ी चेतावनी है, जो रिश्तों की आड़ में जघन्य अपराधों को अंजाम देते हैं।






### मां-बेटी की अधजली लाशें घर में मिलीं

यह वारदात 28 जुलाई 2024 को घटित हुई थी। ग्राम भदरा में संतोषी साहू और उनकी बेटी ममता साहू की लाशें उनके ही घर के भीतर अधजली अवस्था में मिली थीं। घटना के वक्त घर का एक सदस्य गांव से बाहर था, जिसका फायदा उठाकर इस खौफनाक साजिश को अंजाम दिया गया। इस दोहरे हत्याकांड ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया था।

### साक्ष्यों और गवाहों ने खोला राज

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी दिलहरण कश्यप का मृतका संतोषी साहू के साथ अवैध संबंध था। मामले की गुत्थी सुलझाने में मोबाइल कॉल डिटेल्स ने अहम भूमिका निभाई, जिससे घटना से पहले आरोपी और मृतका के बीच लंबी बातचीत की पुष्टि हुई।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस ने की बूथ-वॉर्ड-ग्राम कमेटी गठन पर चर्चा

**खरोरा**। स्थानीय रेस्ट हाउस में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत खरोरा मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यों के तहत बूथ, वॉर्ड एवं ग्राम कमेटी गठन पर विस्तृत चर्चा की गई तथा आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विनोद सेवन लाल चंद्राकर प्रभारी जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण, पूर्व विधायक महासमुंद राजेंद्र पप्पू बंजारे, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण गिरीश देवांगन, खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष. लक्ष्मीनारायण वर्मा, खरोरा ब्लॉक प्रभारी अश्वनी वर्मा, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा देवव्रत नायक, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत तिल्दा रविंदर बबलू भाटिया, खरोरा मंडल अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र गिलहरे, अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी सेक्टर प्रभारी कपिल नशीने, कार्यालय प्रभारी धनेश वर्मा, निलेश चंद्रवंशी, खूबी डहरिया आदि शामिल हुए। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने बूथ स्तर तक मजबूत संगठन खड़ा करने और आगामी चुनावी तैयारियों पर सक्रिय रूप से चर्चा की। जिला प्रभारी विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने सभी कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ काम करने का निर्देश दिया।

### ढाबा संचालक और परिजनों ने युवक पर तलवार और रॉड से किया था जानलेवा हमला

# कटगी में दबंगई, 4 गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार, बताने वाले को पुलिस देगी 10 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के ग्राम कटगी में पुरानी रंजिश और शिकायत करने की बात को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। न्यू ढाबा कटगी के संचालक और उसके परिजनों ने लाठी, डंडे, लोहे की रॉड और तलवार से लैस होकर युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी श्याम सुंदर देवांगन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 7 अप्रैल की रात करीब 11 बजे जब वह अपने घर जा रहा था, तब न्यू ढाबा के पास आरोपी भागवत थवाईत, उसके पिता संतोष थवाईत और अन्य साथियों ने उसे घेर लिया। आरोपियों ने हमारे खिलाफ शिकायत करते हो कहते हुए अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में श्याम सुंदर को गंभीर चोटें आई हैं। ▶▶ शेष पेज 10 पर



### मुख्य आरोपी फरार

पुलिस टीम ने साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर दबिश देते हुए मामले में संलिप्त 4 आरोपी 55 वर्षीय संतोष थवाईत, 42 वर्षीय राजेश थवाईत, 22 वर्षीय संजू थवाईत तीनों ग्राम कटगी और बिलासपुर निवासी 45 वर्षीय शंकर दुबे को हिरासत में लिया है। पकड़े गए आरोपियों ने जुर्म स्वीकार कर लिया है। हालांकि, मुख्य आरोपी भागवत थवाईत अभी भी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है।



### गांव में आक्रोश, भारी पुलिस बल तैनात

घटना के बाद ग्राम कटगी में आरोपियों के खिलाफ जनाक्रोश फैल गया। ग्रामीण आरोपियों के साथ मारपीट करने पर उतारू हो गए थे। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के नेतृत्व में कसडोल, गिधौरी, लवन सहित आसपास के थानों का पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया।

## मकान किराए के विज्ञापन से 2.21 लाख की ठगी, पकड़ाया आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मकान किराए पर देने के लिए ऑनलाइन विज्ञापन जारी करना एक महिला के लिए महंगा साबित हुआ। किराएदार बनकर ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय आरोपी को बलौदाबाजार की सिटी कोतवाली पुलिस ने राजस्थान के अलवर जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने डिपॉजिट मनी जमा करने का झांसा देकर महिला से 2.21 लाख से अधिक की धोखाधड़ी की थी।



प्रार्थिया श्रद्धा चतुर्वेदी निवासी आरकेजी स्कूल रिसदा, मूल निवासी बड़ोदरा ने मुंबई स्थित अपने मकान को किराए पर देने के लिए एक ऑनलाइन विज्ञापन जारी किया था। विज्ञापन में दिए गए नंबर पर संपर्क कर अज्ञात आरोपी ने खुद को किराएदार बताया। उसने मकान सुरक्षित करने के लिए डिपॉजिट मनी जमा कराने की प्रक्रिया का झांसा दिया और चालाकी से प्रार्थिया से ही पैसे ट्रांसफर करवा लिए। पिछले वर्ष 25 जुलाई को प्रार्थिया ने विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से कुल 2,21,980 रुपए आरोपी द्वारा बताए गए खातों में जमा कर दिए। जब रकम वापस नहीं मिली और किराएदार का कोई पता नहीं चला, तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ। शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक ▶▶ शेष पेज 10 पर

## कुल्हाड़ी से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**पलारी**। बलौदाबाजार जिले के पलारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिसदेवरी में जमीन विवाद के चलते एक 55 वर्षीय व्यक्ति ने रास्ते से जा रहे युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया।



जानकारी के अनुसार प्रार्थी कौशल चंद्राकर ने पलारी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 11 अप्रैल की सुबह करीब 6 बजे जब वह तालाब की ओर जा रहा था, तभी रास्ते में आरोपी नारायण लाल साहू ने उसे रोक लिया। पुराने जमीन विवाद को लेकर आरोपी ने अचानक अश्लील गालियां देनी शुरू कर दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखी कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में कौशल के सिर, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें ▶▶ शेष पेज 10 पर

## टेलीग्राम पर बिटकॉइन निवेश के नाम पर 12 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में साइबर ठगों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। सोशल मीडिया ऐप टेलीग्राम के माध्यम से बिटकॉइन में निवेश का झांसा देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को बलौदाबाजार पुलिस ने राजस्थान के सीकर से गिरफ्तार किया है।



मामले का खुलासा तब हुआ जब पंचशील नगर निवासी प्रार्थी भानु प्रसाद भारद्वाज ने रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी के अनुसार, 16 अप्रैल 2022 को टेलीग्राम पर विभिन्न आईडी के माध्यम से उनसे संपर्क किया गया। आरोपियों ने बिटकॉइन खरीदकर कंपनी में निवेश करने पर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में सिटी कोतवाली और साइबर सेल की एक संयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण, टेलीग्राम आईडी और फर्जी ▶▶ शेष पेज 10 पर

### आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

जांच के आधार पर पुलिस की टीम राजस्थान के सीकर जिले पहुंची और वार्ड नंबर 07 चारनवास नाडा, थाना खाटू श्याम (अलोदा) जिला सीकर निवासी आरोपी सुभाष चंद्र धायल 31 वर्ष को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने टेलीग्राम के जरिए बिटकॉइन निवेश का झांसा देकर ठगी करना स्वीकार कर लिया है।

### नेट बैंकिंग के माध्यम से किस्तों में लिया

ठगों ने प्रार्थी को अपने झांसे में लेने के लिए फर्जी ईमेल लिंक भेजे और नेट बैंकिंग के माध्यम से किस्तों में कुल 12,43,250 रुपए का निवेश करवा लिया। जब प्रार्थी ने अपनी रकम वापस मांगी, तो कंपनी ने कोई जवाब नहीं दिया, जिसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ।









## खबर संक्षेप



### छात्रों को इंटर्नशिप प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र और प्रोत्साहन राशि वितरित

**खरोरा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसरंगी में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कक्षा 11वीं एवं 12वीं में बैंकिंग एवं हेल्थकेयर में अध्ययनरत विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा रायपुर के आदेशानुसार 10 दिवसीय इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बैंकिंग के विद्यार्थियों ने ग्राम कोसरंगी में कंप्यूटर से संबंधित एमएस ऑफिस, अकाउंटिंग वर्क, ऑनलाइन बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, केवाईसी अपडेट प्रक्रिया जैसी महत्वपूर्ण चीजें सीखी, उसी प्रकार हेल्थकेयर के विद्यार्थियों ने हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार, मरीजों की वास्तविक देखभाल, संक्रमण नियंत्रण, बायो मेडिकल रिसोर्स एवं मेडिकल रिकॉर्ड मेंटेनेंस इत्यादि चीजें सिखाई, प्रशिक्षण उपरांत बच्चों को संस्था द्वारा इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए साथ ही प्रत्येक विद्यार्थियों को 1200 रु प्रोत्साहन राशि भी प्रदान किए।

### कामता में भागवत कथा प्रारम्भ



**सिमगा।** समीपस्थ ग्राम कामता में स्व.अश्वनी कौशल, प्रवीण कौशल, गोविन्द कौशल, बीरेन्द कौशल की स्मृति में कौशल परिवार द्वारा आयोजित 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। इसमें कथा वाचक पं. राजीव नयन महराज कथा का रसपान करायेंगे। श्रीमद्भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 10 से 16 अप्रैल तक आयोजित है। कथा का दोपहर 3 से संध्या 6 बजे तक आयोजित किया जा रही है। कथा स्थल गौठानपारा ग्राम पंचायत कामता है।

### सोनपुरी में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन



**बलौदाबाजार।** ग्राम पंचायत शुक्लाभाटा के आश्रित ग्राम सोनपुरी में 10 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। यह निर्माण कार्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री टंकराम वर्मा तथा प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा डॉ. सनम जांगड़े की स्वीकृति से कराया जा रहा है।
भूमिपूजन कार्यक्रम में सरपंच संघ अध्यक्ष अजय गर्ग, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि कलीराम गर्ग, पूर्व उपसरपंच देवेंद्र पात्रे सहित पंचायत के पंच उपस्थित थे। इसके अलावा बेदन बाई कोठारी, गीता पात्रे, बसंत जोशी, हरिश्चंद्र गर्ग, सुमित्रा पाल, रोजगार सहायक अन्नपूर्णा गेंड्रे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों रोहित जोशी, संतोष घृतलहरे, टिकेश्वर कुर्रे, सुनील गर्ग, प्रकाश जोशी, अनेश कुर्रे समेत उपस्थित लोगों ने इस निर्माण कार्य को गांव के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया और हर्ष व्यक्त किया।

# राजस्व पखवाड़ा में अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर, ग्रामीणों में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

विकासखंड के ग्राम पंचायत मड़कड़ी में कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन में राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत क्लस्टर शिविर का आयोजन किया गया। दूरस्थ और अंदरूनी क्षेत्र में आयोजित इस शिविर में प्रशासन ने ग्रामीणों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। शिविर का संचालन एसडीएम प्रफुल रजक की उपस्थिति में हुआ, जिसमें राजस्व विभाग की पूरी टीम सक्रिय रही। शिविर के दौरान ग्राम पंचायत मड़कड़ी के सरपंच नंदू पटेल द्वारा स्कूल परिसर से लगी लगभग आधा एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा हटाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीएम और तहसीलदार, नायब तहसीलदार की मौजूदगी में पटवारी द्वारा नक्शा सत्यापन किया गया और जेसीबी मशीन के माध्यम से मौके पर ही अवैध कब्जा हटाया गया। सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त किए जाने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने को मिला।शिविर में पहुंचे ग्राम सोनाडुला निवासी रोहित केवट ने बताया कि उनके बी-1 में जाति गलत दर्ज थी, जिसमें 'केवट' की जगह 'तेली' लिखा गया था। तहसीलदार द्वारा तत्काल सुधार करते हुए उनकी समस्या का समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर गांव-गांव में लगने से लोगों को अब दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं और समय पर काम हो रहा है। इसी तरह ठाकुरडीहा निवासी रोहित कुमार की ऋण पुस्तिका (पर्ची) गुम हो जाने की समस्या का भी मौके पर समाधान करते हुए उन्हें नई पर्ची जारी की गई।

## बिलाईगढ़ एसडीएम ने समस्याओं का किया ऑन द स्पॉट समाधान

### विभिन्न सेवाओं का मौके पर मिला लाभ




शिवसहाय कर्ष ने भी जमीन से संबंधित त्रुटि के निराकरण पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिल रही है। शिविर में आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, आधार मोबाइल नंबर सीडिंग, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रिकॉर्ड दुरुस्ती सहित विभिन्न राजस्व सेवाओं का लाभ भी ग्रामीणों को प्रदान किया गया। इस अवसर पर बिलाईगढ़ तहसीलदार कमलेश सिदार, नायब तहसीलदार देवराज सिदार, राजस्व निरीक्षक (आरआई), 6 हल्का के पटवारी एवं राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा इस तरह के शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों तक योजनाओं और सेवाओं को सीधे पहुंचाने की पहल को सराहा जा रहा है।

### जमीन से जुड़े मामलों का त्वरित निराकरण

इस शिविर से कुल 22 गांवों के ग्रामीणों को सीधा लाभ मिला। बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी जमीन और राजस्व से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं, जिनका त्वरित निराकरण किया गया। शिविर में 21 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें जाति सुधार, ऋण पुस्तिका गुम होना, बी-1 खसरा सुधार, आपसी बंटवारा, रिकॉर्ड संशोधन, फौती नामांतरण, रकबा त्रुटि सुधार और खाता विभाजन जैसे महत्वपूर्ण मामलों को प्राथमिकता के साथ निपटाया गया।

## किसानों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया, भूजल स्तर गिरने पर जताई चिंता

# खैरी आर के मिडिल स्कूल में कलेक्टर ने लगाई चौपाल, जल संरक्षण की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार-भाटापारा

भाटापारा तहसील अंतर्गत विभिन्न ग्रामों का दौरा अंतर्गत कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने ग्राम खैरी (आर) में मिडिल स्कूल के प्रार्थना शेड में चौपाल लगाई। उन्होंने उपस्थित जल संचय वाहिनी, समूह की महिलाएं एवं ग्रामीणों को वर्षा जल संचय हेतु जिले में चलाए जा रहे मोर गांव, मोर पानी अभियान क्री जानकारी देते हुए जल संरक्षण के लिये प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई।

कलेक्टर शर्मा ने कहा कि भूमिगत जल का लगातार दोहन से जल स्तर कम होते जा रहा है। जल स्तर को बनाए रखने के लिए वाटर रिचार्ज जरुरी है। वर्षा का पानी बहकर व्यर्थ नहीं होने देना है। इसके लिये घर, मोहल्ले गांव में पानी को संरक्षित करना है। घर की छत से पानी को बचाने के लिये वाटर हार्वेस्टिंग य सोखता गड्ढा बनाएं, मोहल्ले में ढलान क्षेत्र के किनारे भी सोखता गड्ढा बना सकते हैं। उन्होंने खेत में भी पानी को संरक्षित करने के लिये कुल जमीन के 5 प्रतिशत भाग में एक डबरी निर्माण करने कहा ताकि वर्षा का जल उसमें संचित रहे और वाटर रिचार्ज होता रहे। उन्होंने खेत में डबरी निर्माण के लिये आवश्यक जानकारी और प्रक्रिया के लिये पटवारी और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को गांव में किसानों को जानकारी देने कहा।कलेक्टर ने ग्रीष्मकालीन धान की खेती के बदले कम पानी खपत वाले फसल दलहन- तिलहन, सरसो की खेती पर जोर देते हुए इसे लाभदायक भी बताया। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल विविधकरण अपनाना चाहिए, इससे अधिक फायदा मिलता है। इस दौरान उन्होंने गांव के पीडीएस दुकान में खाद्यन्न सामग्री की उपलब्धता, नियमित समय पर खुलने, आंगनबड़ी केन्द्र व स्कूल के बारे में पूछ ताछ की। इस दौरान लगभग 10 किसानों को स्वामित्व कार्ड का वितरण भी किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम श्यामा पटेल अन्य अधिकारी, जल संचय वाहिनी, समूह क्री महिलाएं व ग्रामवासी उपस्थित थे।





### कलेक्टर ने मल्लखंब खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहा



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को बलौदाबाजार स्थित योग भवन में मल्लखम्ब खिलाड़ियों के अभ्यास का अवलोकन किया। उन्होंने अभ्यास के दौरान खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया।कलेक्टर शर्मा ने कहा कि यह खेल सांस्कृतिक धरोहर है, इसे जिले में जीवंत बनाए रखना होगा। उन्होंने इस खेल में अधिक से अधिक बच्चों की सहभागिता एवं सुविधा के लिये जरुरी कदम उठाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। जिले के खेल प्रतिभाओं को उचित अवसर देकर आगे बढ़ाने कहा। इसके पूर्व मल्लखम्ब खिलाड़ियों ने कलेक्टर शर्मा से कार्यालय मुलकात कर अपनी उपलब्धि से अवगत कराया था। बताया गया कि वर्तमान में लगभग 50 बच्चे द्वारा मल्लखम्ब खेल का अभ्यास कोच के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। दो खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर भी हुआ है। इस दौरान हेड कोच अकलेश नारंग एवं वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर सहित खिलाड़ी उपस्थित थे।

# महतारी वंदन योजना के लिए केवाईसी शुरू



**पलारी।** छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदना योजना के लाभ के लिए अब सभी लाभार्थी महिलाओं के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने ई-केवाईसी अभियान शुरू कर दिया है, जिसके तहत महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर अपनी केवाईसी प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूरी करनी होगी, तभी लाभार्थियों को आगामी किश्तों का भुगतान नियमित रूप से मिल सकेगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अक्ति घृतलहरे व सोनी कुर्रे ने बताया कि ई-केवाईसी के लिए महतारी वंदन योजना में दर्ज नाम और आधार कार्ड में लिखा नाम पूरी तरह मेल होना चाहिए। कई बार आधार कार्ड की छोटी-छोटी त्रुटियों के कारण सत्यापन प्रक्रिया बाधित हो जाती है। इसलिए सभी हितग्राहियों को पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर योजना में दर्ज नाम का आधार कार्ड से मिलान करने को कहा है। यदि नाम में किसी प्रकार की गलती मिलती है, तो लाभार्थियों को शीघ्र ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से मिलकर नाम संशोधन के लिए आवेदन जमा करना होगा, ताकि समय रहते सुधार किया जा सके और ई-केवाईसी में कोई समस्या न आए। हितग्राही निर्धारित समय के भीतर सत्यापन अवश्य कराएं, ताकि योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो सके। बताया गया कि जल्द ही केवाईसी कराए क्योंकि ई-केवाईसी कई बार रिजेक्ट भी हो सकती है। इसलिए अंतिम समय का इंतजार न करने की सलाह दी गई है। आंगनबाड़ी केंद्र 3 में 11 अप्रैल तक 100 लोगों का ई-केवाईसी हुआ है।

ई-केवाईसी के दौरान पता चला कि कुछ हितग्राही की योजना में अलग नाम दर्ज है और आधार कार्ड में अलग नाम दर्ज है, जिसका सुधार कराने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने हितग्राही का आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, खाता नंबर अन्य दस्तावेज मंगकर सुधार कराने के लिए जमा किए।

# सहकारी समिति सिमगा में दलहन तिलहन रबी फसल की खरीदी प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ब्लाक स्तरीय दलहन तिलहन रबि फसल की खरीदी शुक्रवार को सोसायटी अध्यक्ष छोटेलाल यदु वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अनिल कुमार दीवान एवं सहकारी समिति के कर्मचारियों व किसानों के उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। खरीदी के प्रथम दिवस सिमगा के किसान आर्नेस्ट लाल व केसली के जगन्नाथ निषाद से 7 क्विंटल 50 किलो चना की खरीदी समर्थन मूल्य पर की गई। सोसायटी अध्यक्ष छोटेलाल यदु ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार चना 5875 रुपए प्रति क्विंटल मसूर 7000 रुपए प्रति क्विंटल तथा सरसों 6200 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीदी की जा रही है। किसानों की सुविधा के लिए तौल परिवहन एवं भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में किया जायेगा । वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अनिल कुमार दीवान ने बताया कि इस वर्ष खरीदी लक्ष्य को बढ़ाया गया है। फसल खरीदी का समय 30 मई तक निर्धारित है।



# कुर्मी समाज की बैठक में 12 प्रकरणों का निराकरण

**पलारी।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पलारी राज की बैठक केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप की आतिथ्य में हुई। इसमें राजप्रधान राम खिलावन वर्मा की अध्यक्षता, सरंक्षक, राज पदाधिकारी ,कार्यकारणी सदस्य, स्वजाति सदस्य शामिल हुए। बैठक में प्राप्त 12 प्रकरणों के सुनवाई की गई। केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम ने कहा मनवा कुर्मी समाज सबसे मजबूत, एवं संगठित समाज है। हमारे समाज का संचालन लिखित विधान एवं आचार संहिता से होता है। केंद्रीय अध्यक्ष और राजप्रधान का चुनाव लोकतांत्रिक पद्धति से होता हैं। उन्होंने कहा कि समाज का पहचान विकसित कृषक का रहा है साथ हि सभी क्षेत्र में पहचान बना रहे हैं। संरक्षक रघुनंदन वर्मा ने कहा हम सभी को समाज नियमों का पालन करते हुए अपना सर्वागिण विकास करना चाहिए। समाज से बड़ा कोई नहीं है।बैठक में केंद्रीय सदस्य पंच राम वर्मा, बुधराम वर्मा सरंक्षक, पूर्व राजप्रधान तेजराम वर्मा, राज पदाधिकारी डाकेश्वर वर्मा, भुवन वर्मा, कार्तिक वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, मंतराम वर्मा, कुमार वर्मा, रामनारायण वर्मा, भानू वर्मा, पवन वर्मा, तुकाराम वर्मा, भारत वर्मा, अखिलेश वर्मा, शिवलाल वर्मा, प्रेम लाल वर्मा, विरेद वर्मा, जनक राम, आशाराम, टेकराम, देवकुमार, दीपकवर्मा आदि उपस्थित थे।

# पेयजल समस्या निराकरण के लिए नपा अध्यक्ष ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



भीषण गर्मी के मद्देनज़र नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा नगर के सभी 31 वार्डों में पेयजल आपूर्ति को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाए रखने सर्वदलीय बैठक आहूत की गई। बैठक में सभी वार्डों के पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की पेयजल स्थिति, संभावित समस्याओं एवं समाधान के सुझावों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक के दौरान अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि "गर्मी के इस कठिन समय में नागरिकों को पानी के लिए परेशान होना न पड़े, यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर वार्ड में पर्याप्त और नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बैठक में सभी वार्डों में पेयजल व्यवस्था की गहन समीक्षा करते हुए पार्षदों से जमीनी स्थिति की जानकारी ली गई। बैठक में परशुराम वार्ड की महिलाओं द्वारा पेयजल समस्या की शिकायत सामने आई। अश्वनी शर्मा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बैठक समाप्त होते ही सीधे वार्ड के प्रभावित स्थल का निरीक्षण किया।

और जल विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल समस्या का निराकरण करने निर्देश दिए।

अध्यक्ष ने कहा जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समन्वय से ही हम इस चुनौतीपूर्ण समय का प्रभावी ढंग से सामना कर सकते हैं। सभी पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाएं और किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत दें, ताकि समय पर समाधान किया जा सके।

## पेज 9 के शेष

### कटगी में खूनी...

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(3), 109, 191(2), 191(3) और 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। 10 अप्रैल को चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### मकान किराए के...

भावना गुप्ता के निर्देशन में सिटी कोतवाली और साइबर सेल की संयुक्त टीम का गठन किया गया। पुलिस ने मोबाइल नंबर और बैंक ट्रांजेक्शन का तकनीकी विश्लेषण किया, जिसमें ग्राम पीपलखेड़ा, थाना बड़ौदा मेव, जिला अलवर (राजस्थान) निवासी आरोपी 24 वर्षीय ताहिर खान की लोकेशन राजस्थान के अलवर जिले में मिली। पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को उसके निवास स्थान से हिरासत में लिया।
आरोपी ताहिर खान ने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने उसके खिलाफ थाना सिटी कोतवाली में धारा 318(4) बीएनएस और 66डी आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

### कुल्हाड़ी से हमला,...

आई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पलारी पुलिस की टीम ने तत्काल घेराबंदी शुरू की। पुलिस ने ग्राम सिसदेवरी में दबिश देकर आरोपी नारायण लाल साहू को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ में आरोपी ने जमीन विवाद के चलते जानलेवा हमला करने की बात स्वीकार कर ली है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हमले में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी जब्त कर ली है। आरोपी नारायण लाल साहू 55 वर्ष निवासी ग्राम सिसदेवरी के खिलाफ धारा 296, 351(2), 115(2), 118(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। वहीं आरोपी को जेल भेजा गया।

### टेलीग्राम पर बिटकॉइन...

ईमेल लिंक्स की सूक्ष्मता से जांच की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सिटी कोतवाली में धारा 420 (धोखाधड़ी), 406, 34 भादवि एवं 66 डी आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा है।

## जिपं अध्यक्ष ने ग्रामीणों से गिनाई सरकार की योजनाएं, लाभ उठाने अपील

# कोलियारी और बेमेतरा में भाजपा का गांव चलो, बस्ती चलो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भाजपा के स्थापना दिवस पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल की उपस्थिति में ग्राम पंचायत कोलियारी और ग्राम पंचायत बेमेतरा में जनसंपर्क कार्यक्रम हुआ।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने ग्रामीणों के घरों में व्यक्तिगत रूप से पहुंचकर उनसे मुलाकात की। उन्होंने कहा पूर्व की सरकारों में जनता को अपने कार्यों के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन भाजपा सरकार में प्रशासन स्वयं जनता के द्वार तक पहुँचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहा है।

अभियान के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की, जिनमें मुख्य रूप से महतारी वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, विधवा, निराश्रित एवं निशक्त पेंशन योजना, जननी सुरक्षा योजना की जानकारी दी।




उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं के लाभ की वस्तुस्थिति जानी। ग्रामीणों द्वारा बताई गई सामान्य समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया, जबकि बड़े विकास कार्यों के लिए शासन-प्रशासन से पत्राचार कर उन्हें जल्द पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया।

इस मौके पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता वर्मा कोलियरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष ग्रामीण रविशंकर वर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, सरपंच मेम सिंह ध्रुव कोलियारी, सरपंच महेंद्र साहू बेमेतरा, उपसरपंच अनीता साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पंच और महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य उपस्थित रहीं।

### मनहोरा में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन

**सिमगा।** भाजपा के स्थापना दिवस पर ग्राम मनहोरा में कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जनपद उपाध्यक्ष सिमगा गोपाल शुक्ला उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए आने वाले चुनावों और लक्ष्यों के लिए बूथ स्तर तक सक्रिय होने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित भारी संख्या में समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## स्टेशन में बंद पड़े एस्केलेटर को 12 अप्रैल से पहले चालू करने के दिए निर्देश

# भाटापारा रेलवे स्टेशन में निर्माण कार्यों का अवलोकन करने पहुंचे डीआरएम दयानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

रायपुर रेल मंडल के डीआरएम दयानंद शनिवार सुबह यहां पहुंचे और रेल्वे क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर का जायजा लिया और रेल्वे स्टेशन परिसर में बन रहे नई बिल्डिंग, सड़क का अवलोकन किया। डीआरएम दयानंद सुबह 9.30 बजे विशेष सैलून से यहां पहुंचे। इस दौरान उनके साथ राकेश सिंह, अविनाश आनंद सहित रेल्वे का अमला मौजूद रहा।

हरिभूमि से चर्चा के दौरान डीआरएम ने कहा कि नवीन स्टेशन का कार्य शीघ्र पूरा कराये जाने के निर्देश जारी किये गए हैं। उन्होंने संबंधित को कार्य शीघ्र पूरा किये जाने के निर्देश दिये। बीते एक सप्ताह से परिसर का कार्य जोरों से कराया जा रहा है। वहीं गुड्स शेड के आधे हिस्से में सीसी सड़क बनाई जा रही है। इसके आगे सीसी निर्माण के लिए रेल्वे बोर्ड से चर्चा कर आगे बढ़ायी जायेगी। इसके अलावा रेल्वे स्टेशन में लगे एक्सलेटर का एक हिस्सा बंद पड़ा है, उसे भी 12 अप्रेल के पूर्व बनाने के निर्देश दिए। डीआरएम दयानंद ने कहा रेल्वे परिसर में काम तेजी से कराया जा रहा है, जिसके चलते यात्रियों की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है। उन्हें कोई परेशानी और असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए आवागमन निर्बाध जारी रहे। इसके लिए एक साईड से वैकल्पिक रास्ता बनाकर काम कराया जाय। वहीं भाटापारा रेल्वे स्टेशन रायपुर रेल मंडल के बड़े स्टेशनों में गिनती होती है। आज डीआरएम के साथ स्टेशन प्रबंधक अजय सिंह पूरे समय मौजूद रहे और रेल्वे स्टेशन के अंदर एवं बाहर की सभी जानकारी उन्हें दी जा रही थी।



### नपा अध्यक्ष ने उठाया रेलवे स्टेशन में विकास का मुद्दा, डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**भाटापारा।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा भाटापारा रेलवे स्टेशन से संबंधित विभिन्न ज्वलंत समस्याओं एवं आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के लिए डिवीजनल रेलवे मैनेजर, रायपुर डिवीजन को विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया।



उन्होंने कहा कि भाटापारा नगर छत्तीसगढ़ की प्रमुख नगर पालिकाओं में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। यह स्टेशन न केवल नगरवासियों बल्कि आसपास के सैकड़ों गांवों के नागरिकों के लिए आवागमन का प्रमुख केंद्र है। प्रतिदिन हजारों यात्रियों की आवाजाही के बावजूद यहां कई मूलभूत सुविधाओं का अभाव एवं अव्यवस्थाएं बनी हुई हैं, जिनके समाधान हेतु यह पहल की गई है। ज्ञापन में लंबे समय से बंद पड़े पुराना हटरी बाजार अंडरब्रिज को शीघ्र पुनः प्रारंभ किया जाए, जिससे आवागमन सुगम हो सके। अमृत मिशन के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में तेजी लाकर विकास कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। रेलवे रेस्ट हाउस के समीप स्थित बड़े नाले के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण में आ रही बाधाओं को दूर किया जाए। रेलवे स्टेशन के सामने की अव्यवस्थित यातायात को व्यवस्थित कर नागरिकों को राहत प्रदान की जाए। इस अवसर पर सभापति मनीष मिश्रा, पार्षद नंदू वैष्णव, बब्बू मंधान शुभम राजपूत राजेश शर्मा एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## नगर साहू समाज आज मनायेगा भक्त माता कर्मा जयंती

**भाटापारा।** नगर साहू समाज के तत्वावधान में भक्त माता कर्मा जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 12 अप्रैल किया जाएगा। इस अवसर पर समाज द्वारा विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव होंगे। अध्यक्षता सुनील साहू जिलाध्यक्ष, जिला साहू संघ द्वारा की जाएगी। इसके अतिरिक्त समाज के विभिन्न पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे शोभायात्रा एवं बाइक रैली से होगी, जिसमें माता कर्मा की आकर्षक झांकी के साथ नगर भ्रमण किया जाएगा।

■ निकाली जायेगी माता कर्मा की शोभायात्रा व बाइक रैली

शोभायात्रा साहू छात्रावास भवन, दानवीर भामाशाह चौक, परशुराम वार्ड से प्रारंभ होकर महतारी चौक, कांग्रेस भवन चौक, राम सप्ताह चौक, गोविंद चौक, ज्वेलर्स लाइन, दिगम्बर जैन मंदिर चौक होते हुए सती मंदिर, बब्बू होटल चौक से ओवर ब्रिज होते हुए पटपर चौक साहू समाज भवन पहुंचेगी, जहां महाआरती संपन्न होगी। महाआरती पश्चात रैली नहर चौक, अंडरब्रिज, रेलवे स्टेशन से शहर थाना होते हुए बाबूजी मोबाइल चौक, जय स्तंभ चौक होते हुए आडिल चौक के रास्ते पुनः साहू छात्रावास भवन पहुंचेगी, जहां रैली का समापन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ होगा, जिसमें नगर के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया जाएगा। साथ ही नगर के ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने हाल ही में उप निरीक्षक पद पर नियुक्ति प्राप्त किया है, उनका भी नगर साहू समाज भाटापारा द्वारा विशेष सम्मान किया जाएगा। इसके पश्चात भोजन एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। उक्त समस्त कार्यक्रम साहू छात्रावास भवन, दानवीर भामाशाह चौक, परशुराम वार्ड में संपन्न होंगे।

## खबर संक्षेप



### अमेरा में 9 दिनों तक चली रामायण का समापन

**पलारी।** ग्राम अमेरा में आयोजित श्री अखंड नवधा रामायण समारोह का समापन 11 अप्रैल को हवन, सहस्त्र धारा, विशेष पूजा के साथ हुआ। रामायण स्थल में शुरुआत से लगातार 9 दिनों तक 24 घंटे तक रामकथा जारी रही। इसमें ग्राम के मंडलियों के साथ आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में रामायण मंडली ने अपनी आवाज में राम कथा की चौपाई गायी। कथा का विस्तार पूर्वक दोहे, छंद, चौपाई के माध्यम से श्रोताओं को श्रवण कराया। नौ दिनों तक गांव में भक्तिमय माहौल रहा। समापन के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया।

### झेरिया यादव समाज के प्रदेश पदाधिकारियों का चुनाव आज

**पलारी।** आज 12 अप्रैल को छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश के पदाधिकारियों का चुनाव होगा। परिक्षेत्र के यादव मतदाताओं के लिए बालसमुंद पलारी के राधा कृष्णा मंदिर में मतदान बूथ बनाया गया है। पलारी परिक्षेत्र के अध्यक्ष नंदकुमार यादव ने यादव समाज के सभी मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मतदान करने की अपील की हैं।

### भरसेला बड़ा में जल संरक्षण कार्यक्रम कल

**रवान।** प्राथमिक विद्यालय भरसेला बड़ा में 13 अप्रैल को सुबह 9 बजे जल संरक्षण का कार्यक्रम रखा गया है। इसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा चित्रकला, मॉडल एवं प्रहसन द्वारा जल संरक्षण और संचयन के उपाय बताएं जाएंगे। इस अवसर पर गांव के जल संरक्षण दूत का सम्मान किया जायेगा। इस कार्यक्रम में आप उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन कर प्रोत्साहित करें।

### पढ़ई तिहार से सजा पचरी संकुल





**खरोरा।** संकुल केंद्र पचरी के प्राथमिक विद्यालयों में इस शनिवार अंगना में शिक्षा पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया। आयोजन में माताओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के खेल, प्रतियोगिताएं एवं मनोरंजनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षा के महत्व को सहज और रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया, जिससे अभिभावकों में जागरूकता का भी प्रसार हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक हरीश प्रसाद साहू, गिरवर प्रसाद सोनी, स्वीटी देवांगन, सविता कोशले,शोभा रानी नारंग आदि का विशेष योगदान रहा।

## बच्चों के शारीरिक विकास में बेहतर साबित हो रहा पोषण पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित 8वें पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम कुथरौद में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत बलौदाबाजार के सभापति डॉ. मोहनलाल वर्मा थे। कार्यक्रम में डॉ. मोहनलाल वर्मा ने कहा कि मानव जीवन में सबसे तेज़ विकास पहले 1000 दिनों में होता है।



उन्होंने बताया कि यदि शुरुआती छह वर्षों में बच्चों को संतुलित पोषण और उचित मानसिक उद्दीपन (स्टिमुलेशन) दिया जाए, तो उनके मस्तिष्क का समुचित विकास संभव है। पर्यवेक्षक सरिता वर्मा ने बताया कि 9 से 23 अप्रैल तक चलने वाले पोषण पखवाड़ा की इस वर्ष की थीम पांच प्रमुख बिंदुओं पर आधारित है—प्रारंभिक उत्प्रेरण (0-3 वर्ष), खेल-आधारित शिक्षा (3-6 वर्ष), मातृ एवं शिशु पोषण, आंगनवाड़ी सुदृढ़ीकरण तथा सामुदायिक सहभागिता।

उन्होंने बताया कि छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनके साथ संवाद, खेल-खेल में शिक्षा और मोबाइल-टीवी से दूरी बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपसरपंच रेखाकृष्णा वर्मा एवं पंच रानू यदु ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए ग्रामीणों से आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ सहयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राजेश्वरी वर्मा, अन्नपूर्णा पटेल, संगीता पटेल एवं अनुसुइया टंडन ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं और अभिभावकों को संतुलित आहार एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत 23 अप्रैल तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक में हुए कई निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक सुभाष बाजार स्थित पेंशनर भवन में तहसील अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल एवं जिला अध्यक्ष प्रकाश जाधव की उपस्थिति में संपन्न हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। साथ ही अगली 10 मई को जिला स्तरीय बैठक होने की जानकारी दी।

मासिक बैठक में मासिक आय व्यय का विवरण एवं वार्षिक सदस्यता अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पेंशनरों विष्णु प्रसाद साहू, प्रकाश जाधव, गैतराम साहू, रामू यादव, गणेश राम वर्मा, परेटन लाल साहू, रघुनाथ प्रसाद पटेल, रमेश कुमार वर्मा, सुरेश कुमार बाजपेई एवं शिवकुमार वर्मा को श्रीफल एवं साल से सम्मानित किया। उक्त सम्मान संघ के संरक्षक पं. राधा चरण शुक्ला एवं वरिष्ठ पेंशनर दिलीप सिंह बिसेन के कर कमलों से प्रदान किया गया। संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने बताया कि 10 जून 2018 से अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद से मेरे कार्यकाल में प्रतिवर्ष सदस्यों एवं आय में निरंतर वृद्धि होती जा रही है और इस वर्ष 2026 में 530 तक सदस्य संख्या का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें अभी तक 476 सदस्य पंजीकृत हो चुके हैं। 10 मई की आगामी बैठक जो कि जिलास्तरीय बैठक होगी, इसमें राज्यसभा सांसद के रूप में मनोनीत अंचल की बेटी लक्ष्मी वर्मा का सम्मान करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया है। बैठक को जिला अध्यक्ष प्रकाश जाधव ,कमल नारायण यदु, अशोक पंत, मोहनलाल वर्मा, गिरधारी लाल वर्मा एवं हेमलाल वर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार वर्मा, पुनीत राम सेन, जीएल वर्मा, एचएल महिपाल, गणपत वर्मा, संतोष केसरवानी, अशोक पंत, बाबूलाल निषाद एवं हेमलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे।

## विदाई समारोह में भावुक हुए 8वीं के छात्र



**बिलाईगढ़।** पूर्व माध्यमिक शाला छुईहा में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। कार्यक्रम में सरपंच धनीराम बंजारे, राजकुमार जांगड़े, प्रधान पाठक अरुण कुमार टंडन, शिक्षक त्रिलोक हरिप्रिय सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं। वक्ताओं ने कहा कि गुरु ही जीवन में सही मार्ग दिखाते हैं और विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कबीरदास जी के प्रसिद्ध दोहे के माध्यम से गुरु के महत्व को समझाया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक त्रिलोक हरिप्रिय द्वारा प्रस्तुत गीत ने सभी को भावुक कर दिया। गीत सुनकर विद्यार्थियों की आंखें नम हो गईं और पूरे परिसर में भावुक माहौल बन गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को स्मृति-चिह्न एवं उपहार भेंट कर आभार व्यक्त किया। वहीं विद्यालय द्वारा मेधावी एवं अनुशासित विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और अच्छे संस्कारों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। भावुक माहौल में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों से विदा ली और विद्यालय की यादों को अपने साथ लेकर नए सफर की ओर बढ़े। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## पंचायत की मूलभूत समस्याओं को लेकर विधायक से मिले सरपंच

**बगबुडा।** ग्राम भालूकोना एवं ग्राम पंचायत चितावर के सरपंचों ने कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव अजय ताम्रकार के नेतृत्व में कसडोल विधायक संदीप साहू से मुलाकात की। इस मौके पर भालूकोना के सरपंच भीखम पटेल एवं एवं चितावर सरपंच पुनऊ पटेल एवं अजय ताम्रकार द्वारा विधायक को शाल व श्रीफल भेंट किये। चितावर के सरपंच ने मांग की कि हरदी से चितावर मार्ग अत्यंत जर्जर हो गया है, राहगीरों को आने-जाने में काफी असुविधा होती है, बरसात के दिनों में लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। रास्ता काफी उबड़-खाबड़ होने की वजह से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। बारिश के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाता है, इस स्थिति में ग्रामीणों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। वहीं भालूकोना सरपंच ने हाईस्कूल भवन गांव में सीसी रोड व मोबाईल नेटवर्क लगवाने के लिए निवेदन किया गया। जिस पर विधायक संदीप ने भी मुलभूत समस्याओं को दुरुस्त कराने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया।



## नवापारा में पोषण पखवाड़ा पर विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

ग्राम नवापारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल का पुष्पमाला एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत-वंदन किया गया। इसके पश्चात सरपंच डोमार सिंह मारकंडे एवं जनपद सदस्य खोमलाल साहू का भी सम्मान किया गया। अतिथियों के स्वागत के बाद कार्यक्रम का आगे का क्रम प्रारंभ किया गया।



कार्यक्रम में पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री से बनाए गए पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन कर महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग सिमगा के अंतर्गत परियोजना अधिकारी जी.आर. नारंग के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सेक्टर पर्यवेक्षक सरस्वती बघेल, पंच ममता तिवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रमा देवी वर्मा, शिवानी ध्रुव, विमला वर्मा, सहायिका दुर्गा ध्रुव, दुलारी ध्रुव, मेलन ध्रुव सहित बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं उपस्थित रहीं।

### बच्चों के पोषण की दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान विभागीय स्तर के अधिकारी द्वारा पोषण पखवाड़ा की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, शिशुओं एवं किशोरियों में कुपोषण को दूर कर स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। साथ ही संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। वीएचएसएनडी दिवस के अवसर पर एएनसी शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया गया। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं के लिए परामर्श सत्र आयोजित कर उन्हें स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

### आम सूचना

दिनांक 11/04/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री कृष अग्रवाल पिता श्री रमेश अग्रवाल, निवासी सा. स्वर्णभूमि, आमासिवनी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) हूँ जो कि ग्राम कुथरैल प.ह.नं. 05, रा.नि.मं. धरसीवा-एक, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 340/1 रकबा 0.8490 हे. भूमि स्वामि हक की भूमिस्वामी 01. रोहित भारती 02. लक्ष्मीनारायण भारती, 03. रोशनी भारती तीनों पिता लालसिंग भारती, 04. कलमबाई बेवा लालसिंग भारती, जाति सतनामी, निवासी ग्राम कुथरैल, थाना व तहसील धरसीवा, जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व की भूमि को क्रय करने का सौदा किया जा चुका है जिसका पंजीकृत विक्रय पत्र का -निष्पादन किया जाना शेष है।

यह कि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, आदि को दावा, आपत्ति हो तो आज दिनांक से 15 दिवस के अन्तर्गत स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से समूचित दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो कर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद मियाद दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 11/04/2026 को जारी इस आम सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है।

विरेन्द्र कुमार वर्मा (अधिवक्ता )
जिला एवं सत्र न्यायालय बलौदाबाजार (छ.ग.)
मो. 8839310046, 8815488255

## प्राथमिक शाला चौरेंगा में मनाया गया पढ़ई तिहार



**सिमगा।** शासकीय प्राथमिक शाला चौरेंगा में पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया। इस त्यौहार को मनाने के लिए एक दिन पूर्व आवश्यक तैयारियां कर ली गईं थी। जिसमें गांव के पढ़े लिखे लिखे युवक युवतियों काउंटर के लिए तैयार किया गया था। इस त्यौहार में प्रमुख रूप से माताओं से यह निवेदन किया गया एवं चर्चा की गई कि वे गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को छोटा ब्लैक बोर्ड उपलब्ध करायें जिसमें निर्धारित गतिविधियों को सहजता पूर्वक कर सकें। साथ ही यह कहा गया कि बच्चों में स्वच्छता संबंधी आदतें जैसे शौच के बाद और भोजन से पहले साबुन या राख से हाथ धोना, साफ कपड़े पहनना इत्यादि का निर्माण करें।

शोक-संदेश



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नि **श्रीमती साधिनबाई वर्मा** का स्वर्गवास दिनांक 02/04/2026, गुरूवार को हो गया है, जिनका **दशगात्र कार्यक्रम दिनांक 12/04/2026 रविवार** को रखा गया है।
जिसमें आप सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

स्व. श्रीमती साधिनबाई वर्मा
जन्म 01-01-1949 | मृत्यु 02-04-2026

कार्यक्रम स्थल- कुकुरदी (बलौदाबाजार)
तालाब कार्यक्रम दोप. 12:00 बजे होगा
संपर्क सूत्र - 9826464406 9826746415

-: शोकाकुल :-
भैयाराम, पंचराम, गिरवर, रिखिराम, तोपुराम, मनोज, भोला, मुरारी, गुलशन, धन्नू, भोला, सावित्री, गायत्री, सुमित्रा-भूपेन्द्र, ललिता-सोनित, ज्योति-रजत, चंचल-प्रहलाद, राकेश-सुधा, राजा, डिम्पल, प्रतिभा, सूर्यप्रताप, प्रीति, शालिनी, विक्रम, आदि, तनुश्री, मानवी, ईशू, विहू एवं समस्त वर्मा परिवार ।

- विनीत -
गणेशराम वर्मा (पति)
नरेश-कुन्ती वर्मा (देवर-देवरानी)
शोभित-ईश्वरी वर्मा (पुत्र-पुत्रवधु),
देवकुमार-कौशिल्या वर्मा (पुत्र-पुत्रवधु)
रामकुमार-शांति (पुत्र-पुत्रवधु),
हरिशंकर-पुनिया वर्मा (पुत्र-पुत्रवधु)
सुशील-अंजली वर्मा (पुत्र-पुत्रवधु),
अनिल-दीपिका वर्मा (पुत्र-पुत्रवधु)

नोट :- अस्थि विसर्जन के लिए गंगाजी गये हैं।
नोट- जिस सज्जन को यदि आमंत्रण नहीं मिला हो तो इसे ही आमंत्रण स्वीकार करने की कृपा करेंगे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS
Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar
FIT INDIA
SCHOOL INNOVATION COUNCIL
SMART CLASSROOM
ADMISSION OPEN 2026-27
SHAKUNTALA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, Ram Nagar, Bhilai
0788 403 3217
SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, Risali Sector, Bhilai
0788 2265810
SCHOOL FACILITIES
Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
State of the art AV room & Music room
24x7 Power Supply Via Genset
SHAKUNTALA VIDYALAYA NO - 2
Affiliated to State Board, Ram Nagar, Bhilai
Class XI to XII
0788 2295357
SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to State Board, Vaishali Nagar, Bhilai
KG-1 to VIII
0788 4033623
Shakuntala GURUKUL
Hostel
" घर से दूर.. एक घर "
Seperate Hostel Facility for Boys and Girls.
AC Hostel Room with attached Bathroom.
In-Class Coaching Facility for students.
Hot (Geyser) and Cold Water Facility.
Dedicated Medical Facility.
883 998 2041
Ram Nagar, Bhilai
Deepak Advertisers